卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 230 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦31 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

## अचानक चट्टान गिरने से कई लोग दबे

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। गंगोत्री हाईवे के पास डबरानी में अचानक चट्टान टूट गई, जिसके नीचे कई लोगों के दबे होने की खबर है। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव टीमें मौके के लिए रवाना हो गई । घटना में तीन लोगों की मौत की सूचना है। तीन लोग घायल हैं, जबकि कुछ दबे हैं। जिलाधिकारी



डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने राहत एवं बचाव टीमों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उक्त स्थान से तीन घायलों को 108 सेवा से लाया जाया गया है। पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, राजस्व टीम, आपदा टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गयी। समाचार लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य जारी था।

## फैक्ट्री के गोदाम में भड़की आग, करोड़ों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि किच्छा मार्ग पर स्थित एएलपी एरोप्लैक्स प्राईवेट लिमिटेड के वाहनों के साथ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर रोड़ डिग्री कालेज के जाता है तथा तैयार सामान वेयर हाउस में सुरक्षित रख दिया जाता है। बताया जाता है कि मध्य रात्रि वेयर हाउस से पहुंचे। तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। उन्होंने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना







इंसुलेशन शीट से भरे वेयर हाउस में अज्ञात कारणों से लगी आग से करोड़ों रूपये कीमत की इंसुलेशन शीट व पाईप जलकर नष्ट हो गये। मामले की सूचना मिलने पर दमकल टीम ने कई सामने के निवासी इकबाल सिंह आनन्द पुत्र रतन सिंह आनन्द का किच्छा मार्ग पर एएलपी एरोप्लैक्स प्राईवेट लिमिटेड नाम से संस्थान है। जहां इंसुलेशन शीट व इंसुलेशन पाईप का निर्माण किया कर्मियों ने धुआं निकलते देखा तो उनमें हड़कम्प मच गया। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल कम्पनी के स्वामी इकबाल सिंह और एचआर हेड वीपी सिंह को दी। सूचना मिलते ही दोनों मौके पर आ मिलते ही दमकल के कई वाहन मौके पर आ गये और कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। संस्थान स्वामी (शेष पृष्ठ सात पर)

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम खेमपुर सेतवाल गदरपुर में मंदिर के पास एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने पुत्र की हत्या कर शव यहां फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। परिजनों ने बताया कि पुत्र 23 वर्षीय अनिकेत पुत्र ज्ञानी सिंह गत दिवस अपने कुछ दोस्तों के साथ रामनगर के छोई में स्थित मनीराम मंदिर घूमने गया था। जहां उसका किसी बात को लेकर दोस्तों से झगड़ा हो गया। यह बात अनिकेत ने घर लौटकर बताई। परिजनों ने बताया कि गत सायं करीब 7 बजे दोस्तों ने अनिकेत को घर से बुलाया। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा तो मां ममता व बहन कल्पना तथा कामना ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान उन्होंने अनिकेत को घर के पास मंदिर के आगे बेसुध अवस्था में पड़ा देख उसके शरीर पर अनेक अंगों पर चोटों के निशान मौजूद थे। यह नजारा देख परिजनों ने शोर मचाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन से कटकर सिडकुलकर्मी की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ग्राम सिरौलीकला, पुलभट्टा में संदिग्ध



परिस्थितियों में सिडकुल कर्मी की ट्रेन के कटकर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरौलीकला, वार्ड 17 पुलभट्टा निवासी 30 वर्षीय योगेन्द्र सिंह पुत्र राहुल पंतनगर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि वह गत रात्रि घर से निकला और ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## घास काट रही महिला पर गुलदार का हमला

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की सुबह तराई पश्चिमी वन प्रभाग की रामनगर रेंज के अंतर्गत ग्राम गोबरा क्षेत्र में जंगल में घास काटने गई एक महिला पर अचानक गुलदार ने हमला बोलते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम



कालु सिद्ध नई बस्ती निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि उसकी 52 वर्षीय भाभी प्रभादेवी गांव की कुछ अन्य महिलाओं के साथ सुबह घास काटने गई थी इसी बीच गुलदार ने हमला बोल गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ में मौजूद (शेष पृष्ठ सात पर)

गर्मी के साथ गुरू मॉ में भी एसी और फ्रिज लेने वालों की भीड़ ने ध्वस्त किये सारे रिकार्ड

## गुरू मां इंटर प्राईजेज पर एसी और फ्रिज पर भारी छूट

गुरू मॉ इंटर प्राईजेज के शोरूमों पर सबसे सस्ते एसी और फ्रिज खरीदने के लिये लगी लोगों की भारी भीड़







रूद्रपुर। सूर्य देवता के प्रकोप के चलते देश के अधिकांश हिस्सों में झुलसा देने वाली गर्मी का सिलसिला जारी है। पिछले कई वर्षो के रिकार्ड ध्वस्त करते हुये सूर्य देवता आसमान से जमकर आग बरसा रहे है। झुलसाती गर्मी से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में जनता का जीना दुष्वार हो चला है। गर्मी का असर कम करने के लिये लोगों द्वारा कूलर,एसी और फ्रिज का सहारा लिया जा रहा है। उत्तराखण्ड के सबसे बड़े इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम और जनता के भरासे का दूसरा नाम गुरू मां इंटर प्राईजेज के रूद्रपुर,गदरपुर, काशीपुर, हल्द्वानी सहित कई शहरों में स्थित शोरूमों पर कूलर,एसी और फ्रिज लेने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। गर्मी की शुरूआत से ही गुरू मॉ इंटर प्राईजेज के शोरूमों पर खरीददारों का तांता लगना शुरू हो गया था लेकिन अब गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बाद तो गुरू मॉ के शोरूमों पर रोज ही पूरे दिन लोगों का मेला लग रहा है। उत्तराखण्ड में सबसे सस्ते एसी और फ्रिज यहां मिलने से अच्छी खासी भीड़ आ रही है। गुरू मां इंटर प्राईजेज के एमडी अभिमन्यु ढींगरा ने बताया कि रिकार्ड गर्मी के चलते एसी और फ्रिज की रिकार्ड सेल हो रही है। उन्होंने बताया कि वह बहुत ही कम प्रोफिट के साथ एसी और फ्रिज की सेल कर रहे है। जिसके चलते एसी और फ्रिज लेने वालों की जमकर सेल हो रही है। प्रतिदिन एसी और फ्रिज का माल आने के बावजूद ग्राहकों को माल लेने के लिये इंतजार करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षो के गर्मी के रिकार्ड टूटने के साथ ही गुरू मॉ पर भी एसी और फ्रिज लेने वालों की भीड़ ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिये है। गुरू मॉ पर सभी ब्राण्डेड इलेक्ट्रोनिक कम्पनियों के एसी और फ्रिज उपलब्ध है। गुरू मां इलैक्ट्रोनिक्स ऐसा मल्टी ब्राण्डेड स्टोर है जहां सभी कंपनियों के उच्च गुणवत्ता युक्त प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। ग्राहकों की संतुष्टि को सर्वोपरि मानने वाला गुरू मॉ इलैक्ट्रोनिक्स आज रूद्रपुर ही नही बल्कि उत्तराखण्ड के कई शहरों में ग्राहकों के भरोसे का दूसरा नाम बन चुका है।

# आरएएन में कौशल आधारित मूल्यांकन पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 'कौशल आधारित मूल्यांकन' पर केंद्रित थी और इसमें आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का नेतृत्व श्रीमती रजनी अशाट (फ्रीलांसर) एवं श्रीमती भावना भनोट (प्रधानाचार्या आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल रुद्रपुर) ने किया। कार्यशाला का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक था। इस दौरान शिक्षकों ने प्रश्न पत्र बनाने और मूल्यांकन के आधार पर छात्रों का आकलन करने के कई नए तरीके सीखे। कार्यशाला अत्यंत संवादात्मक थी और शिक्षकों ने इसमें न केवल आनंद लिया बल्कि इससे बहुत कुछ सीखा भी। यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुई और उन्हें आधुनिक शिक्षण तकनीकों और मूल्यांकन पद्धतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। कार्यशाला के माध्यम से प्राप्त ज्ञान और अनुभव से शिक्षकों को छात्रों के शैक्षणिक विकास में और भी अधिक प्रभावी तरीके से योगदान देने में मदद मिलेगी। सीबीएसई और आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल दोनों ही इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक उन्नत और प्रभावी बनाया जा सके।





# उचक्कों ने दिनदहाड़े युवक से झपटा मोबाईल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस बाईक सवार अज्ञात उचक्कों ने दिन दहाड़े युवक के हाथ से मोबाईल झपट लिया और फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पूरा घटनाक्रम समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। शिव कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी कीरतपुर पोस्ट दानपुर ने बताया कि 30 मई को दोपहर करीब 3 बजे उसका फोन आनन्द होटल के पास से पीछे से दो अज्ञात बाईक सवार अज्ञात व्यक्ति हाथ में से छीनकर ले गयें। दोनों अज्ञात चोर पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयें है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों का मंजूश्री टेक्नोपैक में चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का प्लेस्मेंट कराया गया।प्लेसमेंट प्रक्रिया सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन एवं संगीता भाकुनी के अलावा कम्पनी के प्लांट हेड भूदेव एवं एच.आर. हेड अजय की देख रेख में कराया गया। सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। प्रक्रिया में लगभग 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे 4 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।चयनित छात्र -छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन का आभ्झार प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला,प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की।



# भाजपा नेता गौरी ने नगर पंचायत चुनाव को लेकर महिलाओं के साथ की चचा

पंतनगर (उद संवाददाता)। आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश गौरी ने पंतनगर नगला में महिलाओं के समूह के साथ बैठकर चर्चा की और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की। गौरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को शीर्ष पर पहुंचाने के लिए सबसे बड़ा योगदान देश की महिलाओं का रहा है और उत्तराखंड की महिलाएं भी आज भाजपा की ओर ही आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। क्योंकि भाजपा ने महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। आज उत्तराखंड की महिलाएं स्वयं समूह व लघु उद्योग के जरिए स्वरोजगार से जुड़ी हुई हैं और अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। ऐसे में भाजपा सरकार ही सभी समाज का उत्थान कर सकती है उन्होंने कहा कि



आने वाले समय में पंतनगर नगला में पंचायत चुनाव होने हैं ऐसे में इस चुनाव में महिलाओं की अहम भूमिका रहेगी ,जिस कारण क्षेत्र की सभी महिलाएं उन्हें अपना भाई व बेटा समझ कर अपना आशीर्वाद दें। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड की पांचो सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल करेगी और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस मौके पर भाजपा नेता नंदलाल, राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, शोभा, रेनू, हेमा जोशी ,अंजलि यादव, मेना, रिंकू, रानी, अनीता, ममता, लक्ष्मी ,रीना, पूजा ,मंजू, आशा, शमशादी ,सुनीता समेत तमाम महिलाएं मौजूद थी।

# संत दर्शन सिंह की बरसी पर राहगीरों को बांटा मीठा जल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संस्थापक परम संत दयाल पुरुष दर्शन सिंह जी महाराज का 35 वां बरसी समागम रूहानी मिशन संगत द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। संगत की ओर से यहां मुख्य मार्ग एवं ट्रांजिट कैंप में



ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल वितरित कर उन्हें भीषण गर्मी से कुछ राहत दिलाई गई। मिशन के अनुयायियों ने बताया कि परम संत दयाल पुरुष दर्शन सिंह जी महाराज ने संदेश दिया है कि समाज सेवा के कार्य में हमेशा आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ जनों का सदैव सम्मान करते हुए गरीब व जरूरतमंद लोगों कीमदद करनी चाहिए। उन्ही की प्रेरणा से लोगों को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल वितरित किया गया है। इस दौरान जनक राज घई, अशोक चावला, सुदेश, प्रवीण आहूजा,गोलू, राजेश साहनी, विजय आहूजा, शिखा, कंचन, अनुज ट्रांजिट कैम्प से भगत जी, रेनू, पम्मी, अंजू, खुशनानंदन, हरीश ग्रोवर, सारांश सुखीजा ने सहयोग प्रदान किया।

# विद्युत कटौती के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)।कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से लेकर विद्युत विभाग कार्यालय तक नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार अखबारों में झूठे विज्ञापन छाप कर जनता को गुमराह कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ उत्तराखंड में 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है तो वहीं रामनगर शहर के साथ ही विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है उन्होंने कहा कि इस कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है उन्होंने कहा कि सरकार कम दामों में बिजली खरीद कर जनता को महंगे दामों में बिजली दे रही है लेकिन उसके बाद भी घंटो तक की कटौती सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार ने बिजली के दामों में भी बढ़ोतरी कर दिए लेकिन उसके बाद भी जनता को बिजली न दिया जाना सरकार और विभाग पर कई सवाल खड़े कर रही है उन्होंने प्रदेश सरकार से शीघ्र इस अघोषित विद्युत कटौती को समाप्त किए जाने की मांग की है मांग पूरी ना होने पर उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।





# कराटे बैल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग कैंप में 80 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान व ऋषि मार्शल आर्ट्स अकैडमी एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट्स के सौजन्य से एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर व बैल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन गुरुवार को हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न स्कूलों व एकेडमी से लगभग 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से किहोन, काता व कुमीते की परीक्षा के साथ-साथ मौखिक परीक्षा ली गई।ग्रेडिंग परीक्षा को एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के निदेशक व मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह व तकनीकी निदेशक एवं परीक्षक सिहान ऋषि पाल भारती की ओर से संचालित की गई। इस परीक्षा में 48 कराटे खिलाड़ी सफल हुए, इसमें येलो बेल्ट के 21 खिलाड़ी, ऑरेंज बेल्ट के 13, ग्रीन बेल्ट के चार, ब्लू बेल्ट के छह, पर्पल बेल्ट और ब्राउन बेल्ट के एकत्र एक खिलाड़ी शामिल है। जबकि दो खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन की परीक्षा में सफलता हासिल की है। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर एड. राज फूल राज, समाज सेवी कपिल सिन्हा, एड. कौशल गंगवार, जयदेव, एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह, ऋषि पाल भारती,घ्सह प्रशिक्षिका हिमा भट्ट, अभिषेक राजपूत व अभिभावकों द्वारा सयुंक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सिहान किशोर सिंह ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है, तभी लक्ष्य पाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि समय-समय पर ग्रेडिंग होने से खिलाड़ी सही समय पर ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अतिथि एड.राज फूल राज ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर बनने के लिए आपको हर दिन ट्रेनिंग करनी होगी लेकिन आपको अपनी ट्रेनिंग को सम्मान देना होगा। और उन्होंने कहा, ट्रेनिंग अहम है। आपको हर दिन ध्यान लगाकर बेहतर बनना है। इसी का अर्थ सच्चा मार्शल आर्टिस्ट बनना होता है। आप मेहनत करेंगे तो आपको नतीजे मिलेंगे।येलो बेल्ट ग्रेडिंग उत्तीर्ण करने वाले खिलाड़ियों में चिराग, अधिराज, देवांश प्रताप, उत्कर्ष सिंह दानू, रोनक कुमार, भास्कर जोशी,अभय राज, मोहमद तफसीर, आरव छाबरा, निखार कालरा, पार्थ सिन्हा, दर्शिका, स्नेहा, समृद्धि, आस्था पाल, रीया रावत, विधि मोंगा, यशिका ए. शर्मा। ऑरेंज बेल्ट में हिमांक चौहान, यशराज सिंह, देव सिंह, परिनीत कौर, लायरा, दीपक, अविष्का, गुरशीन कौर, अभिनव चंद, खुशबू जोशी, लव्या शर्मा, हर्ष पाठक, मोहम्मद जिदान ग्रीन बैल्ट में मृणाल पांडे, सुखमनी, योगेश कुमार,लवभट्ट,ब्लू बेल्ट में आरव कुमार, कुणाल जोशी, रौनक शर्मा, साक्षी पंत, रंजना, एकता सिंह,पर्पल बेल्ट में आयुषी जोशी,ब्राउन बेल्ट में पवित्रा वत्सल। एवं सृष्टि वशिष्ट ओर वंश बिष्ट ने ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा अनुत्तीर्ण खिलाड़ी आगामी बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में दोबारा प्रतिभाग करेंगे। शिविर के समापन अवसर पर ऋषि पाल भारती ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में सीखी तकनीकों के प्रशिक्षण से आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। शिविर के समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को कलर बेल्ट प्राप्त होने पर सभी खिलाड़ियों के चेहरे खिले।




# तीर्थ यात्रियों को ले जा रही बस पलटी, कई घायल

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)।सिलक्यारा स्थित वन विभाग बंगले के पास एक बस सड़क पर पलट गई। घायलों को ब्रह्मखाल अस्पताल लाया जा गया है। जानकारी के अनुसार वाहन में सवार यात्री गंगोत्री धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह सिलक्यारा के निकट 40 यात्रियों के लेकर यमुनोत्री धाम से



गंगोत्री के लिए जा रहा वाहन अचानक यमुनोत्री हाईवे पर पलट गया। मौके पर तत्काल 108 एम्बुलेंस, एसडीआरएफ बड़कोट, पुलिस , एनएचआईडीसीएल एवं स्थानीय लोगों द्वारा सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया। उक्त वाहन में लगभग 40 यात्री सवार थे जिनमें से 15 लोगों को हल्की चोटें आई है। मशीनों द्वारा बस को हटा दिया गया है। मार्ग यातायात के लिए सुचारू किया गया है। सभी यात्री कर्नाटक के थे।




# विधायक के हस्तक्षेप के बाद शराब की दुकान हुई बंद

## जिला आबकारी अधिकारी से वार्ता के बाद बनी सहमति, स्थानीय लोगो ने विधायक का जताया आभार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भूरारानी रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट खुशी एनक्लेव के पास खुली सरकारी मदिरा की दुकान को लोगों के विरोध और विधायक के हस्तक्षेप के बाद बंद करने का फैसला लिया गया है। सरकारी मदिरा की दुकान के खिलाफ आस पास की महिलाओं व स्थानीय लोगों ने आज विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जाहिर किया।जिसकी शिकायत कालोनी वासियो ने स्थानीय विधायक शिवअरोरा से भी की। जिस पर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे । जहाँ भारी संख्या मे महिलाओ और कालोनी के लोगों ने सरकारी मदिरा की दुकान खुलने से हो रहे माहौल खराब व आये दिन हो रही घटनाओ व स्कूल के लड़कियो को वहाँ से आने जाने मे काफी समस्या को लेकर रोष व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि मदिरा की दुकान के पास सटी हुई कई कॉलोनी लगी हुई है जिसके चलते लोगों को आये दिन समस्या का समाना करना पड़ रहा है। विधायक शिव अरोरा ने गंभीरता से लेते हुए वही मौके पर





दूरभाष के माध्यम से जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा से वार्ता की और कहा कि यह भूरारानी रोड स्थित खुशी एंक्लेव क्षेत्र इसके आसपास लगने वाली कॉलोनी के बीच में एक सरकारी मदिरा कि दुकान का संचालन हो रहा है,जिससे यहाँ के स्थानीय लोगों को आये दिन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने आबकारी अधिकारी को कहा वह स्वयं मौके पर आये है और इनकी समस्या जायज है । उन्होंने कहा कि खुशी एनक्लेव के पास मदिरा कि दुकान को बंद कर दिया जाये। इससे यहाँ का माहौल खराब हो रहा है ओर आये दिन घटना सामने आ रही ह। आबकारी अधिकारी ने विधायक शिव अरोरा की बात सुनकर इसको बंद करने हेतु सहमति जताई। कहा कि ठेका यहाँ से जल्द ही हटाया जायेगा। सरकारी मदिरा की दुकान बंद होने से स्थानीय महिलाओं व लोगों ने विधायक शिव अरोरा का आभार व्यक्त किया। विधायक अरोरा ने कहा निश्चित रूप से आपकी माग जायज थी। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। इस दौरान गुरदीप गाबा, मनोज मदान,यश गांधी, मनदीप अरोरा, कमल साहनी, राजकुमार ग्रोवर, विनोद घीक, सतीश तनेजा, अंकित अरोरा, सूरज सचदेवा, राजकुमार परुथी, हरीश मित्तल, सर्वेश फुटेला, उमेश , सर्वेश अरोरा, चेतन खुराना, आदित्य आहूजा, मनीष आहूजा, बडी संख्या मे महिला व अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोवंश संरक्षण को लेकर सीडीओ ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला खधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक विकास भवन स्थित गांधी हॉल में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के पूर्व संचालित एवं नई प्रस्तावित गौशालाओं के अनुश्रवण/विस्तार/निर्माण के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु अनुदान के संबंध में भी चर्चा की गई। एबीसी केंद्र द्वारा श्वानवंशीय पशुओं के बधियाकरण उपरांत उन्हें स्थापित करने संबंधी विषयों पर चर्चा भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला संचालकों व एनजीओ के प्रतिनिधियों से समस्याओं पर बात की व उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में गोवंश व सभी जीवों का ध्यान रखना भी हमारा मानवीय कर्तव्य है इसलिए विशेष प्रयास करने होंगे ताकि किसी भी प्रकार की पशुधन हानि न हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है अत: सभी संबंधित अधिकारी गौशाला संचालकों से चर्चा करें तथा उनसे सुझाव लेते हुए कार्य करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी प्रस्तावित गौशालाओं का औचक निरीक्षण करें। उन्होने कहा कि गोवंश के



चारे, शेड व पानी आदि की व्यवस्थाएं कैसी हैं साथ ही भूमि का आंकलन कर सही उपयोग करते हुए उन्हें और बेहतर करने के प्रयास करें, साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पशु चिकित्सक नियमित रूप से जाएं व पशुओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच करें व गौशाला संचालकों को भी जानकारियां दें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नगरीय क्षेत्रों में पशु चिकित्सकों की रिक्तियों को पूर्ण कराने हेतु शासन को पत्र लिखने के भी निर्देश दिए व गोवंश संरक्षण के लिए सीएसआर में भी प्रस्ताव देने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन पशुओं की मृत्यु हो जाती है नगर निकाय उनकी बॉडी डिस्पोज के लिए भी भूमि आवंटित करें। उन्होंने श्वानवंशीय पशुओं के नियमित रेबीज वैक्सीनेशन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्लाटर हाउस के निरीक्षण के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त टीम बना कर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए । कहा कि जो स्लाटर हाउस मानकों के अनुसार कार्य नहीं कर रहे उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में राजकीय भूमि पर 02 गौसदन व 03 निजी गौसदन पंजीकृत हैं जिनमें वर्तमान में 3476 गोवंश शरणागत हैं, जबकि अनुमानित निराश्रित गोवंश की संख्या 5550 है। जनपद में नगर निकायों द्वारा 06 गौशालाएं प्रस्तावित हैं जिनकी डीपीआर शासन को प्रेषित है । उन्होंने गौशाला संचालकों को पशु चिकित्सा के लिए 1962 पर कॉल करने के लिए भी कहा। बैठक में नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, सहायक नगर आयुक्त रूद्रपुर राजू नबियाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. के के जोशी , जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, सीओ पंतनगर ओमप्रकाश, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रविशंकर झा, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. सुधांशु मिश्रा, डॉ. मृगेश चौधरी, डॉ. राजीव सिंह, श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन बाजपुर के जगदीश प्रसाद गोयल, सहायक वन संरक्षक मयंक मेहता, श्री त्रिलोक धाम चेरिटेवल ट्रस्ट के नारद जोशी आदि मौजूद थे।

# पुरस्कार वितरण के साथ गुरमत शिविर का समापन

## प्रचंड गर्मी देखते हुए डीएम के आदेशों पर पांच दिन पूर्व ही कर दिया गया समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम रतनपुरा स्थित मीरी पीरी खालसा अकैडमी में लगाए गए गुरमत ज्ञान शिविर अक्षर ज्ञान, गुरबाणी ,शब्द कीर्तन ,सिख धर्म फिलासफी ,गुरु इतिहास ,गतका एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया । विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करने पर एकेडमी कमेटी एवं गणमान्यों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह शील्ड एवं अन्य पुरस्कार भी स्मृतिचिन्ह एवं सरोपा देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर एकैडमी स्टाफ के अलावा स्कूली बच्चे मौजूद रहे। प्रचंड





का पुरस्कार वितरण के साथ समापन कर दिया गया । मीरी पीरी खालसा अकैडमी में लगाए गए शिविर में बच्चों को पंजाबी गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में आयोजित समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में विभिन्न देकर सम्मानित किया गया । वहीं यूपी सिख मिशन और उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारकों द्वारा सहयोग करने पर उन्हें गर्मी में भयंकर लू एवं धूप की समस्या देखते हुए डीएम के आदेशों पर 5 दिन पूर्व ही शिविर का समापन कर दिया गया।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने नाम की स्पेलिंग DEEP CHANDER JOSHI (पुराना नाम ) से बदलकर अब DEEP CHANDRA JOSHI ( नया नाम) कर लिया है। अत: अब भविष्य में मुझे DEEP CHANDRA JOSHI ( नया नाम) पुत्र Ganga Dutt Joshi के नाम से जाना व पहचाना जाए।

Deep Chandra Joshi S/o Ganga Dutt Joshi, Address - 02 Milak Mafi Nanakmatta]Udham Singh Nagar, Uttarakhand 262311



# खेती के साथ कृषि उद्योगों से भी जुड़ें किसानः धनखड़

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।गुरूवार को भारत के उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उत्तराखण्ड के राज्यपाल व विवि के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (रिटा.) गुरमीत सिंह तथा कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उप राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके उपरांत उप राष्ट्रपति तराई भवन पहुंचे जहाँ पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ के साथ चंदन का पौधारोपण किया। इसके बाद उप राष्ट्रपति महोदय ने नाहेप भवन में लगाये गये कृषि उत्पाद स्टालों का निरीक्षण किया व कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पंतनगर विवि के कृषि संग्रहालय का भ्रमण कर विवि के छह दशक की पूरी गाथा जानी व विवि की स्थापना, हरित क्रांति को इतिहास से जुड़ी तस्वीरों और दस्तावेजों के माध्यम से जाना। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. शिवेंद्र कुमार ने उप राष्ट्रपति को संग्रहालय की विशेषताएं बताई। संग्रहालय देख उप राष्ट्रपति काफी प्रभावित हुऐ। उप राष्ट्रपति महोदय ने संग्रहालय की तारीफ की। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पंतनगर कृषि विवि के संग्रहालय का भ्रमण करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बदलते परिवेश में



किसान अपने को तकनीकी रूप से आगे बढ़ायें । उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में किसानों को अपना योगदान देना है तो किसानों को तीन बातों के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा। किसानों को कृषि के साथ ही कृषि उद्योगों से जुड़ना होगा। किसान अपना उत्पाद तुरंत बेच देते हैं, जिससे उनको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पता है और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने के लिए वेयर हाउसिंग बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा यह देखा जाता है कि किसान दूध और छाछ तक ही सीमित रहता है, अब समय आ गया है कि दूध से आइस क्रीम, पनीर व सभी प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेचें। उन्होंने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रैंडिंग, पैकेजिंग कर संगठित बाजार व क्लस्टरों से जुड़ना होगा ताकि वे अधिक से अधिक लाभ उठा सकें । उन्होंने कहा कि कृषकों के योगदान से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र होगा।इस दौरान विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट,कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुवांठा, गौरव पांडे, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, शोध निदेशक डॉ. अजीत सिंह नैन, सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह आदि मौजूद थे।







## शिक्षा क्षेत्र में समावेशिता और उत्कृष्ठता को बढ़ावा देता है आम्रपाली विवि:बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आम्रपाली विश्व विद्यालय स्थापना का मुख्य मकसद ही शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और उत्कृष्ठता को बढ़ावा देना है। उक्त बात विश्वविद्यालय के कुलपति एन.एस बिष्ट ने पत्रकारों से बातचीत करतेकही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को आज की बदलती हुयी दुनिया के हिसाब से वह सर्वोच्च शिक्षा प्रदान करना चाहता है। जहां वे बदलती दुनियां के अनुरूप अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि इसी के चलते विश्वविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में 16 नामी निरामी कम्पनियों/संगठनों के साथ एमओयू करार किया है। जो छात्रों को बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान व कौशल में निपुणता प्रदान करने के साथ ही उन्हें उद्योग की मांग के अनुरूप दक्ष भी बनायेगा। कुलपति ने कहा कि छात्र हित में उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान करने के लिये अद्वितीय पाठयक्रम विकास, उद्योग अतिथि व्याख्यान, इंटरशिप और छात्रों के लिये प्लेसमेंट अवसर बढ़ाने के लिये विश्व विद्यालय दृढ़ संकल्पित है। विश्वविद्यालय के सीईओ संजय ढींगरा ने कहा कि प्लेसमेंट को लेकर भी विश्वविद्यालय गम्भीर है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्लेसमेंट में लगभग 50 से अधिक कम्पनिया शामिल रही जिसके परिणाम स्वरूप विश्व विद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को 800 से अधिक कम्पनियों के ऑफर मिले। विश्वविद्यालय के सचिव नरेन्द्र ढींगरा ने कहा कि विश्व विद्यालय में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति योजना लागू की गयी है। जिसका मकसद योग्य छात्रों को वित्तिय सहायता प्रदान करना है ताकि वे बिना विर्तीय बाधाओं के अपनी शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि इस पूरी कार्य योजना के लिए एक पारदर्शी चयन प्रक्रिया स्थापित की गयी है। श्री ढ़ींगरा के अनुसार छात्रवृत्ति के तहत चयनित छात्रों को 20 हजार से एक लाख रूपये तक की वार्षिक सहायता मिल सकेगी। अंत में ट्रेजर्रा बिंदु चावला ने विश्वविद्यालय के भावीं कार्यक्रमों जिसमें नये शुरू होने वाले कोर्सो, विवि की भावी योजनाओं जिस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी), कॉरपोरेट जगत और अनुसंधान केन्द्रों के साथ सहभागिता जैसे विषयों पर बात रखी।



## मारपीट में युवक की हुई मौत के दो आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बहसबाजी के चलते हेलमेट से बेरहमी से हमला करने पर युवक की हुई मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस व एसओजी ने दोआरोपियों को मारपीट में प्रयुक्त हेलमेट सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 28 मई को वादिनी श्रीमती लीला देवी पत्नी स्व. नन्दा बल्लभ पाण्डे निवासी बमेठा बंगर केशव (नारायणपुरम गुमटी) थाना लालकुआँ (हल्दूचौड़) द्वारा कोतवाली हल्द्वानी पर एक लिखित तहरीर दी कि 7 मई को उनके 32 वर्षीय पुत्र संजय पाण्डे व उसके मित्र संजय जोशी उर्फ सोनू जोशी के साथ महेन्द्र, कुन्दन व बालम नामक व्यक्तियों द्वारा हैलमेट के साथ मारपीट की गयी। मारपीट के दौरान हैलमेट से आयी चोटो के कारण उनके पुत्र को उपचार के हेतु भर्ती कराया गया जहाँ उपचार के दौरान 13 मई को उनके पुत्र संजय पाण्डे की मृत्यु हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महेन्द्र, बालम, कुन्दन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में अभियुक्त महेंद्र सिंह एवं कुंदन सिंह को गौलापार कुंवरपुर को जाने वाली मुख्य सड़क से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त महेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र भूपाल सिंह निवासी ग्राम चौसला थाना मुखानी तथा कुन्दन सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी मानपुर गौलापार थाना चोरगलिया बिष्ट की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त हेलमेट बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि स्कूटी टकराने पर हुए आपसी बहसबाजी में गुस्से में हेलमेट से वार किया गया। महेंद्र पूर्व में पिज्जा शॉप में काम करता था तथा कुंदन सिडकुल सितारगंज में काम करता है। दोनों अब पुलिस की गिरफ्त में आ गए। पुलिस टीम में व0उ0नि0 महेन्द्र प्रसाद, उ0नि0 विजय मेहता प्रभारी चौकी मण्डी,उनि संजीत राठौड़ प्रभारी एसओजी,हेकानि राम सिंह अधिकारी,कानि. चन्दन नेगी, अरविन्द, अरूण राठौर व इसरार नबी शामिल थे।



## अवैध कालोनी में विकास प्राधिकरण ने किया ध्वस्तीकरण

रूद्रपुर/बाजपुर( उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर के उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला द्वारा अनाधिकृत कालोनियों, जिनके विरूद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण आदेश पारित है, के विरूद्ध ध्वस्तीकरण कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में गुरूवार को क्षेत्रीय कार्यालय, काशीपुर द्वारा तहसील बाजपुर में मेघराज गर्ग आदि द्वारा बेरिया रोड, ग्राम खमरिया तहसील बाजपुर व आजाद जीत पुत्र भगवंत सिंह, सर्वजीत सिंह/हितबद्ध व्यक्ति



आदि मुण्डिया पिस्तौर, मुरादाबाद नैनीताल रोड, गुरुद्वारा के सामने तहसील बाजपुर में विकसित की गई/जा रही कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की गई। उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला द्वारा अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही गतिमान रहने हेतु अवगत कराया गया एवं आमजन कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि विधिवत मानचित्र/तलपट मान चित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल में 24 मई से चल रहे समर कैम्प का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्माननीय अतिथियों पंकज शुक्ला, । प्रधानाचार्य द्वारा इस अवसर पर स्वागत भाषण दिया गया। छात्रों में ऊर्जा का संचार करने वाला ग्रीष्मकालीन शिविर 24 मई को शुरू हुआ और 30 मई को समाप्त हुआ। यह एक सप्ताह और शास्त्रीय नृत्य, गिद्दा और भांगड़ा जैसे कलात्मक कौशलों के साथ बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए जुम्बा, गतका और एरोबिक्स का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्यो के साथ ही विभिन्न वाद्ययंत्रों की सुमधुर धुनों के साथ हुआ। इस अवसर पर आगन्तुकों अतिथियों तथा अभिवावकों ने जहाँ छात्रों का उत्साह वर्धन किया वहीं





मुख्य कोषाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, डिप्टी कलेक्टर-ऊधमसिंह नगर, डॉ. मैत्री, एम0डी कृष्णा अस्पताल, डॉ. शिवकी , गायनेकोलॉजिस्ट-फुटेला अस्पताल श्रीमती अदिति अरोड़ा, श्रीमती सुमनदीप कौर और विभिन्न क्षेत्रों से आए अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के साथ ही विद्यालय के चेयरमैन श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर जी के स्वागत के साथ हुआ का शिविर बच्चों के लिए उत्साह, मनोरंजन और उमंग से भरा हुआ था। शिविर का उद्देश्य कक्षा दो से नवी कक्षा तक के बच्चों को अनेक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न कौशलों के विकास के साथ ही सामाजिक समन्वय एवं वास्तविक धरातल से जोड़ना था।ग्रीष्मकालीन शिविर में संगीत, गायन और वाद्य, पश्चिमी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसमें कला और शिल्प, मूर्तिकला, दृश्य कला, पाक कला , फोटोग्राफी शामिल थी। ऐरोमॉडलिंग, रोबोटिक्स और एआई मॉडल्स, फोटोग्राफी छात्रों द्वारा ली गई सुंदर तस्वीरें और बेकिंग और कुकिंग छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजन प्रदर्शनी के आकर्षण केन्द्र बने रहे। ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन दिल्ली पब्लिक स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा बच्चों के। सर्वांगीण विकास के लिए जो कार्य किए जा रहे है वे अदभुत है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इस विद्यालय के सभी बच्चों को विश्वस्तर पर अपनी पहचान बनाने का स्वप्न देखते हैं।


A.C.
Guru Maa Electronics
AC
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
BAJAJ FINSERV
WEEKEND CASH BACK UPTO 7500*
LLOYD
Whirlpool
IFB
BLUE STAR
SAMSUNG
Carrier
HITACHI
AMSTRAD
MITSUBISHI ELECTRIC
DAIKIN
VOLTAS
Mob: 9927882338

# चैक बाउंस में आरोपी को तीन माह की सजा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या बोरा के न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में दोषसिद्ध किया है। पक्षकार की शिकायत और दायर वाद के आधार पर वादी के साथ देनदारी के नाम पर चौक बाउंस होने पर अदालत ने आरोपी को चार लाख,10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त सामान्य सजा भोगनी होगी।न्यायालय में वादी पक्ष के अधिवक्ता एड विनोद भट्ट की दलील पर दोनों पक्षों का पक्ष सुनने पर प्रतिवादी आरोपी को बाउंस चौक देने का दोषी पाते हुए आरोपी को तीन माह की सजा और चार लाख दस हजार रुपए देने का अर्थदंड देने की सजा सुनाई है। गुरुवार को न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी आनंद सिंह पुत्र विशन सिंह निवासी बिलखेत, गैराड़ को धारा 138 एनआईटी एक्ट में दोष सिद्ध किया। उसे चार लाख, 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जिसमें चार लाख रुपये अभियोगी शोबन सिंह को बतौर प्रतिकर तथा 10 हजार रुपये राज्य सरकार के खाते में जमा करने का आदेश पारित किए। घटनाक्रम के अनुसार अभियोगी ने निर्माण कार्य के लिए चार लाख रुपये की मदद आरोपी को की थी। कुछ समय बाद आरोपी ने चार लाख रुपये का चेक नैनीताल बैंक शाखा का अभियोगी को दिया। 13 अक्टूबर 2022 को यह चेक जारी हुआ। जिसे 29 नवंबर में अभियोगी ने सेंट्रल बैंक की शाखा में अपने खाते में जमा कराया। बैंक में अपर्याप्त धनराशि होने पर चेक बाउंस हो गया। अभियोगी ने न्यायालय में दो गवाह पेश किए। अधिवक्ता विनोद भट्ट तथा मनोज जाटव ने मामले की पैरवी की।

# कौसानी में सूखे पेड़ दे रहे हादसे को न्यौता

## पर्यटन नगरी कौसानी में खतरे का सबब बने पेड़ो का कब होगा कटान

कौसानी(उद संवाददाता)। मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है, पर्यटन नगरी कौसानी की वादियों में देशी विदेशी पर्यटक यहां की सुंदर प्राकृतिक दृश्य का नजारा लेने आते हैं।वही कौसानी में पर्यटन का प्रमुख केंद्र अनाशक्ति आश्रम में रोजाना सेकड़ो पर्यटक पहुंच रहे हैं,जिला पंचायत की सड़क पर बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कुछ सूखे पेड़ कभी भी हादसे को न्यौता दे सकते हैं,कभी भी आंधी तूफान या हल्के हवा में भी इन पेड़ों के गिरने से कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। सड़क पर पर्यटक व वीआईपी लोगों का आना जाना बना रहता है।कई बार इन सूखे सड़े गले पेड़ो को काटे जाने की मांग के बावजूद अब तक इनका पातन नही होने से स्थानीय लोगों में रोष है।वही अब भविष्य में कभी भी कोई हादसा होने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा, कौन इसकी क्षतिपूर्ति करेगा इसके लिए भी लोगोंने वन विभाग और जिला प्रशासन से जिम्मेदारी लेनी की बात कही है।वही सड़क किनारे ही जिला पंचायत के गेट के सामने के पास विद्युत ट्रांसफार्मर के समीप भी पेड़ के गिरने से कभी भी हादसा होने की आशंका जताते हुए खतरे को न्यौता दे रहे पेड़ो का पातन किए जाने की मांग स्तानीय लोगों और होटल व्यवसाइयों ने की है।लोगों ने कभी भी किसी पर्यटक या आमजनमानस को कोई नुकसान होने पर शासन प्रशासन और वन विभाग को इसकी जिम्मेदारी लेने की बात कही है।ऐसे में गर्मियों में रोजाना सेकड़ो देशी विदेशी पर्यटक कौसानी पहुंच रहे है उनके द्वारा कौसानी में पर्यटन क्षेत्र में उचित व्यवस्थाए नही होने की बातें कही गई है, स्थानीय लोगों पर्यटकों ने रोजाना अनाशक्ति आश्रम के पास पर्यटकों के वाहनों से जाम लगने, आड़े तिरछे खड़े वाहनों से वाहन चालकों और पर्यटकों के बीच कहासुनी होने, अनाशक्ति आश्रम के समीप एक शुलभ शौचालय की व्यवस्था किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की जा रही है। वही कौसानी पुलिस से पर्यटकों को जाम से निजात दिलाने के लिए अनाशक्ति आश्रम के पास पुलिस कर्मी की नियुक्ति किए जाने की मांग स्थानीय लोगों व्यापारियों ने की है।



# आरएएन स्कूल में समर कैंप का धूमधाम से समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल में 21 मई से 31 मई तक बच्चों के चौमुखी विकास के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीन से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में अनेक रचनात्मक गतिविधियों का समावेश किया गयाद्य जैसे नृत्य कला, संगीत, गायन, क्रिकेट, योग, स्केट्स, वाद्य यंत्र कला, ताइक्वांडो आदिद्य इस प्रकार ग्रीष्मकालीन शिविर समारोह हर्षोल्लास भरे वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने अपनी गतिविधियों को प्रस्तुत किया तथा उन्हें उनकी योग्यता अनुसार प्रमाण पत्र प्रदान किए गएद्य समापन समारोह के मुख्य अतिथि विंग कमांडर एच.के राय, श्रीमती मधु राय एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रस्तुति की प्रशंसा की और उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।










# नाम बदलकर युवती का किया शारीरिक शोषण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक युवती ने गैर धर्म के व्यक्ति पर अपना नाम बदलकर उसका सिम चोरी कर अश्लील वीडियो बनाने और सोशल मीडिया में डालने की धमकी देने के साथ ही उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। युवती का कहना है कि किच्छा निवासी गैर धर्म का युवक कुछ समय से उसके सम्पर्क में आया था। उसके बाद उसने उसके परिवार से सम्पर्क एवं व्यवहार बनाया। इस व्यक्ति ने किसी प्रकार उसका पहले से रखा सिम चुरा लिया और अपने मोबाइल में वह सिम डालकर तरह-तरह की एडिटिंग करके अश्लील वीडियो व्हाट्सएप फेसबुक पर डालने की धमकी देता है और अपने मोबाइल से फोन करके उसे कभी कहीं और बुलाने की कोशिश करता है। विरोध करने पर यह व्यक्ति जान से मारने की धमकी भी देता है। युवती का आरोप ही वह व्यक्ति उसका शरीरिक शोषण करता है। जिससे बहुत ही परेशान है और उसे इस व्यक्ति से जान का खतरा बना हुआ है। उक्त व्यक्ति ने पहले अपना नाम मुझे नीरज बताया था उसके बाद पता लगा कि वह दूसरे धर्म का है।

# लीलाधर पालीवाल के निधन पर शोक

नैनीताल ।कुमाऊं यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन कूटा ने नैनीताल नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के जिला महासचिव पत्रकार नवीन पालीवाल के पिता तथा कॉमर्स विभाग की डॉक्टर पूजा जोशी के ससुर लीलाधर पालीवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है । वह पिछले कुछ समय से अस्वथ्य चल रहे थे। उन्होंने अपने पैतृक निवास स्थान अल्मोड़ा जिले के पाली गुणादित्य गांव में अंतिम सांस ली ।, एलुमनी सेल डॉक्टर बी एस कालाकोटी , डॉक्टर एसएस सामंत ,प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ से प्रो ललित तिवारी ,प्रो नीलू लोधियाल , डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉक्टर विजय कुमार , प्रो अनिल बिष्ट , डॉक्टर दीपिका गोस्वामी , डॉक्टर संतोष कुमार , डॉक्टर दीपाक्षी जोशी , डॉक्टर पैनी जोशी डॉक्टर सीमा चौहान ,डॉक्टर उमंग सैनी ,डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,डॉक्टर युगल जोशी , डॉक्टर रितेश साह ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## पेज एक का शेष...

**घास काट रही....** महिलाओं ने जब शोर मचाया तो गुलदार प्रभादेवी को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से भाग गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन और अन्य ग्रामीणों की मदद से घायल प्रभा को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में गुलदार के आतंक को लेकर ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। घटना के बाद विभाग के अधिकारियों ने मौके पर वन कर्मचारीयों की गश्त शुरू कर दी है तथा ग्रामीणों से अकेले जंगल में न जाने की अपील की है।

**ट्रेन से कटकर सिडकुलकर्मी....**ही मौत हो गई। कुछ देर बाद लोगों ने पटरियों में युवक का शव पड़ा देखा तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक योगेन्द्र की पत्नी राजकौर व डेढ़ वर्षीय पुत्र गगनदीप सिंह है। योगेन्द्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

**युवक का शव मिलने से...**तो कई लोग वहां आ पहुंचे। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी भी वहां आ गये। अनिकेत की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों के आरोपों के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। साथ ही घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**ैक्ट्री के गोदाम में ....**ने बताया कि अग्निकांड की इस घटना में करीब तीन से चार करोड़ रूपयों का नुकसान होने की संभावना है। आग बुझाने वाले दमकल कर्मियों में रूद्रपुर के एफएसओ गिरीश बिष्ट, देवेन्द्र परगाईं, मदन सिंह , प्रकाश पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश, धीरज सिंह, गिरीश धारीवाल, कमल सिंह, गंगोत्री, मोहनी, प्रियंका, मेघा, निर्मला बिष्ट, गदरपुर के पंकज सिंह, विजय पाल, नवीन सिंह, मनोज कुमार, किच्छा के मदन सिंह, दीपक बसेड़ा, संजय सिंह , कैलाश, पंतनगर के केदार सिंह, श्याम प्रकाश, हरीश भट्ट, नंदन राम, प्रियंका बिष्ट व आरती आदि शामिल थे।

# चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 10 जून तक रोक

देहरादून (उद संव0ाददाता)। चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 10 जून तक रोक लगा दी गई। इस संबंद में मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजा है।चारधाम यात्रा में भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार अब यात्रा मार्गों की धारण क्षमता का भी आकलन करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए थे। कहा कि जिन धार्मिक और पर्यटन स्थलों में भीड़ बढ़ रही है, वहां पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए शटल सेवा शुरू की जाए। 15 जून को कैंची धाम स्थापना दिवस पर बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। नैनीताल जिले में आने वाले यात्रियों की बहुत बड़ी संख्या कैंची धाम का रुख कर रही है, इसलिए भवाली से कैंचीधाम के लिए शटल बस सेवा शुरू की जाए।चारोंधामों के लिए 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद रहेंगे। यात्रा के अनुरूप ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू करने पर विचार होगा। इसके लिए उन्होंने सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय को जिम्मेदारी दी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत रूट डाइवर्ट प्लान पर भी काम करने के निर्देश दिए थे।



# गौशाला के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि पर की गई तार बाड़

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम केवल गंज बरीराई में बनने वाली गौशाला के लिए प्रस्तावित भूमि की पैमाइश के उपरांत तार बाड़ करके पशुपालन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया । गदरपुर क्षेत्र के गौ रक्षक संगठनों की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम केवल गंज बरी राई में गौशाला के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुपालन में राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम केवल गंज बरी राई में खसरा नंबर 1591/852 रकबा 1.821 हेक्टेयर भूमि का चिन्हीकरण किया था, राजस्व विभाग की टीम ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में गौशाला निर्माण के लिए चिह्नित की गई भूमि का सीमांकन कर तार बाड़ करवा दी । राजस्व विभाग ने मौके पर मौजूद पशु चिकित्साधिकारी गदरपुर डॉ. रवि शंकर झा को भूमि के प्रपत्र प्रदान किये । इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण राम,लेखपाल सुरजीत सिंह,विजय कुमार गुप्ता, मंजू विष्ट आदि थे ।

# खकरा नाले की सफाई की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खटीमा(उद संवाददाता)। बरसात से पूर्व खकरा नाले और शहर की अन्य नालियों की सफाई की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को वार्ड 11 के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि बरसात से पहले खकरा नाले की सफाई नहीं हुई तो इसका पानी ओवर फ्लो होकर घरों में घुस सकता है।एसडीएम रवींद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए लोगों ने कहा कि वार्ड नंबर 11 की नालियां गंदगी से पटी हुई हैं। इसके अलावा वार्ड से गुजरने वाले खकरा नाले में जगह-जगह कूड़ा जमा है। इससे भयंकर दुर्गंध उठ रही है। लोगों ने कहा कि यदि बरसात से पहले नालियों और खकरा नाले की सफाई न हुई जलभराव का खतरा बढ़ जाएगा। इससे बरसात के सीजन में कई घरों में पानी घुस सकता है। उन्होंने नगर पालिका के ईओ दीपक शुल्का से वार्ड 11 में मच्छरों की समस्या से भी निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान ठाकुर जितेंद्र सिंह, आशीष श्रीवास्तव आदि थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# केदारनाथ यात्रियों को अब एक 'नई टेंशन'

**जोखिम भरा हुआ केदारनाथ का पैदल मार्ग, पैदल यात्रियों पर बड़ा हिमखंड गिरने का खतरा, हालात से निपटने लोक निर्माण विभाग ने कसी कमर,खतरनाक हिमखंड हटाने को लगाए पचपन मजदूर**

-अर्श-

देहरादून। बाबा केदारनाथ के दर तक पहुंचाना वैसे तो सदैव ही जोखिम पूर्ण रहा है ,लेकिन इस बार बाबा केदार के दर्शन की चाहत रखने वाले श्रद्धालुओं पर एक अलग तरह का खतरा मंडराने लगा है ।जिसके चलते केदारनाथ धाम पहुंचने वाले यात्रियों को एक नई टेंशन से रूबरू होना पड़ रहा है। बताना होगा कि इस बार पड़ रही भीषण गर्मी के चलते केदारनाथ पैदल रूट के ऊपर ग्लेशियर बड़ी तेजी से पिघलने लगे हैं। इससे पैदल यात्रियों पर हिमखंड गिरने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने ऐसे खतरनाक हिमखंड हटाना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश के विभिन्न हिस्सों के साथ उत्तराखंड में भी गर्मी चरम पर है ।रोज दर रोज चढ़ते पारे के चलते केदारनाथ पैदल ट्रैक पर स्थित भैरव व कुबेर ग्लेशियर प्वाइंट लोगों के लिए संवेदनशील बन चुके हैं। दरअसल, बर्फ के तेजी से पिघलने के चलते बड़े-बड़े हिमखंड और बोल्डर मिट्टी के साथ नीचे आ रहे हैं। इन्हें हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 55 मजदूर लगाए हैं। खबरों के अनुसार बढ़ती गर्मी के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग में स्थित भैरव व कुबेर ग्लेशियर पॉइंट को यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील के रूप में चिन्हित किया गया है। मगर राज्य सरकार के तमाम भाग अनुभाग चार धाम यात्रा को निर्बाध एवं सुचारु रूप से संचालित करने



में जान से जुटे हैं ।लोनिवि गुप्तकाशी अधिशासी अभियंता विनय झिंक्वाण ने बताया कि ग्लेशियर प्वाइंट में बर्फ पिघलने से बड़े -बड़े हिमखंड और बोल्डर यात्रा मार्ग की ओर खिसक रहे हैं। केदारनाथ पैदल मार्ग पर कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए हिमखंड-बोल्डर यथाशीघ्र और रात में हटवाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त हाल ही में हुई बारिश के चलते भी मार्ग पर कई जगह मलबा आ गया ,जिसे हटवाया जा रहा है तथा जरूरत पड़ने पर पैदल यात्री रोके भी जा रहे हैं। साथ ही पैदल मार्ग के संवेदनशील क्षेत्रों में जहां-जहां रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है, उसे तुरंत दुरस्त कराया जा रहा है यात्रियों की सुविधा के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड व केदारनाथ में पंजीकरण स्थल बनाए गए हैं और सभी तकरीबन सभी पंजीकरण स्थलों को रेलिंग से घर सुसज्जित कर दिया गया है ।गौरतलब है कि चारों धामों में से सबसे ज्यादा क्रेज केदारनाथ धाम का है। यद्यपि 10 में से शुरू हुई चार धाम यात्रा में श्रद्धालु बद्रीनाथ गंगोत्री यमुनोत्री आदि तीर्थ स्थलों की और भी रुख कर रहे हैं, लेकिन केदारनाथ धाम में दर्शन करने वाले भक्त जनों की संख्या अन्य तीन धर्मों से अधिक है। दर्शनार्थियों की लगातार बढ़ती भीड़ के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग पर यात्रियों का दबाव अचानक बढ़ गया है। ऐसे में तापमान बढ़ने के चलते पिघल रहे ग्लेशियर के हिमखंड अपने साथ मिट्टी और पत्थर लेकर पैदल मार्ग के आसपास गिर रहे हैं ,क्योंकि हिमखंड और मिट्टी पत्थर यात्रियों को कभी भी अपनी चपेट में ले सकते हैं। इसलिए यात्रियों को केदारनाथ पैदल मार्ग पर इस अनजाने खतरे के प्रति सचेत कर दिया गया है और स्थानीय प्रशासन समूचे हालात पर नजर लगातार जमाए हुए हैं।






## मल्टी स्पेशीलिटी चिकित्सा शिविर में 270 रोगियों का चेकअप

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, बासुटिया गांव मे मे सम्पन्न हुआ जिसमे 270 रोगियों की जाँच, परामर्श एवं निशुल्क दवाय्या दीं गई इस आशय की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ विनय खुल्लर ने दीं। शिविर का शुभारम्भ ग्रामप्रधान विपिन जंतवाल, प्राचार्य प्रो. डॉ विनय खुल्लर, घनश्याम तिवारी ने रिबन काट के किया। डॉ खुल्लर ने बताया शिविर मे शुगर, ब्लड प्रेशर, ई सी जी, नि:शुल्क परामर्श डी एम एस डॉ प्रीती तिवारी, डॉ स्वाति भट्ट, डॉ नेहा उपाध्याय, डॉ निवेदिता गिरि, डॉ कल्पना, डॉ दीपिका बेलबाल डॉ हरिशंकर, डॉ अंजलि ने दिया। शिविर मे 25प्रतिशत गठिया रोगी, 20 प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 15प्रतिशत त्वचा रोगी, 5प्रतिशत आँख एवं नाक गला रोगी, 15 प्रतिशत पेट के रोगी, शेष सामान्य रोगी थे।काया कॉलेज के डायरेक्टर अशोक पाल ने कहा भविष्य मे भी जनहित मे ऐसे चिकित्सा शिविरो का आयोजन करते रहेंगे ।शिविर मे माइक्रो दिनेश सनवालअंकिता जोशी, हिताक्षी, हेमा, अमित, रेखा, चंदु डोगरा, राजाराम दिलीप आदि ने सहयोग किया ।



## हार्ट अटैक से दिल्ली के पर्यटक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जागेश्वर घूमने जा रहे दिल्ली के पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। सेक्टर-25 रोहिणी दिल्ली निवासी 64 वर्षीय जय राम कौशिक अपनी पत्नी, बेटी, नाती और पोते के साथ जागेश्वर घूमने आये थे। जागेश्वर में उनका लॉज है। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद हल्द्वानी के एक रेस्टोरेंट में वह परिवार के साथ भोजन कर रहे थे। रेस्टोरेंट से निकलकर जय राम कौशिक ओके होटल के पास पहुंचे तो उन्हें चक्कर आ गया। समाजसेवी प्रेम बेलवाल समेत कुछ लोगों ने उन्हें बेस अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। बेस अस्पताल में इलाज के दौरान कौशिक की मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टरों ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर दिल्ली रवाना हो गए। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि जयराम कौशिक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। वह दिल और शुगर के मरीज थे, साथ ही हार्ट में स्टंट भी पड़े हुए थे। हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें हॉस्पिटल लाया गया।

## ऑटो लिफ्टरों ने तीन बाईकें उड़ाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक ओर जहां पुलिस वाहन चारी की घटनाओं का खुलासा कर रही है तो वहीं दूसरी ओर वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वाहन चोरों का आतंक थम नहीं रहा है। अज्ञात ऑटो लिफ्टरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटर साई किलें चोरी कर लीं। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विशाल रस्तोगी पुत्र रामपाल रस्तोगी निवासी ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम चकदह थाना शाही जिला बरेली ने कहा है कि 28 मई को सुबह उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके06 बीएच 7310 को घर के बाहर खड़ी कर लॉक लगा दिया। कुछ देर बाद उसने देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं है। वहीं योगेन्द्र यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी रूद्रा इनक्लेव फेस 2. फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि 23 मई को सायं वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएच 9451पर सवार होकर संजय नगर खेड़ा स्थित सब्जी बाजार में गया था। मोटर साईकिल सब्जी दुकान के सामने खड़ी कर लॉक लगा दी। कुछ देर बाद जब वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जिसे अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। जबकि देव स्वरूप पुत्र ओमकार हाल निवासी कृष्णा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम गोछ, थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत ने बताया कि 25 मई को सुबह वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एपी 7139 पर सवार होकर निकट अटरिया मंदिर ईएसआई ऑफिस गया था ।उसने अपनी मोटर साईकिल ऑफिस के बाहर खड़ी कर लॉक लगा दी और ऑफिस में अपने काम से चला गया। दोपहर काम करके वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी जो कि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने तीनें मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ई रिक्शा से बैटरी चोरी

रूद्रपुर। अज्ञात लोगों ने बगवाड़ा मंडी की केन्टीन के आगे खड़े ई रिक्शा को ले जाकर उसकी चारों बैटरी चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में करन पुत्र सेवाराम निवासी वार्ड 2, ट्रांजिट कैंम्प, ने कहा है कि अपने ई रिक्शा संख्या यूके 06 ई आर 0063से 28 मई की सुबह सब्जी लेने बगवाड़ा मंडी गया था और ई रिक्शा मंडी के अन्दर कैन्टीन के पास खड़ा किया। कुछ देर बाद सब्जी लेकर ई रिक्शा के पास गया तो देखा कि उसका ई रिक्शा अपने स्थान पर नही था। खोजबीन करने पर ई रिक्शा मिल गया पर उसकी चारो बैटरी ई रिक्शा में नहीं थी चारो बैटरी किसी अज्ञातव्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई हैं।


